**चित्रकूट-पुलिस**

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 17.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 17.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** दिनांक 16.08.2025 की रात्रि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट हर वर्ष की भांति पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण की उपस्थिति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस लाइन्स में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया तथा बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के भक्ति संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की गयी। तत्पश्चात मथुरा से आये कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर नृत्य एवं रासलीला का मंचन किया गया।

फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता में राधा-कृष्ण की ड्रेस पहनकर प्रतिभाग करने वाले सभी पुलिस परिवार के बच्चों को अध्यक्ष वामा सारथी श्रीमती सीमा सिंह द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

तत्पश्चात पुलिस लाइंस स्थित मंदिर में विधि-विधान से हवन पूजन कर भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर माननीय मऊ-मानिकपुर विधायक श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी,माननीय विधायक सदर श्री अनिल प्रधान, माननीय पूर्व सांसद बांदा-चित्रकूट श्री भैरो प्रसाद मिश्रा,कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल,सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्री जय करन सिंह व सम्मानित पत्रकारबन्धु,पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण व अन्य गणमान्य व्यक्ति सपरिवार उपस्थित होकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लेते हुए दिखाई दिए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना/चौकियों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**(4).** आज दिनाँक 17.08.025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के द्वारा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त एक्शन प्लान के नोडल अधिकारियों के साथ मीटिंग की गयी। जिसमें महोदय द्वारा नामित अधिकारियों को माननीय न्यायालय द्वारा प्राप्त सम्मन/वारण्ट के समय से शत् प्रतिशत तामीला हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।